Regarding loss due to heavy rainfall in Himachal Pradesh

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) : सभापति महोदय, हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात के कारण, बादल फटने की घटना के कारण शिमला, मंडी और कुल्ली में भारी तबाही हुई है और 50 से ज्यादा लोग लापता हो गए। रामपुर के समेज गांव के 36 लोग लापता हुए हैं।

माननीय सभापति जी केन्द्र सरकार से माननीय प्रधान मंत्री जी स्वयं स्थिति का जायजा ले रहे हैं। माननीय गृह मंत्री जी और माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने एनडीआरएफ को वहां लगाया है। वहां आईटीपीबी और होम गार्ड्स लगाए गए हैं। हिमाचल प्रदेश को पूर्ण रूप से सहायता दी गई है। पिछली बार भी जब वहां नुकसान हुआ था, तो केन्द्र सरकार के द्वारा आर्थिक राहत की घोषणा इस बार के बजट में की गई है। मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि हिमाचल प्रदेश को भरपूर सहायता करें। मेरा आज का जो विषय है। ?(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य दो विषय नहीं। हमने एक तो मेंशन नहीं किया। अगर बाढ़ का विषय उठाया गया है, तो उसके साथ नशे के लत से संबंधित विषय नहीं होगा।

?(व्यवधान)

श्री सुरेश कुमार कश्यप : मेरा आग्रह है कि भारी बरसात के कारण जो नुकसान हुआ है।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आपने कहा कि सहायता दी जाए। आपकी बात रिकॉर्ड में आ गई है।

श्री सुरेश कुमार कश्यप : मैं यह आग्रह करना चाहूंगा कि यह पहली बरसात है और इतना नुकसान हुआ है। पिछले साल भी हिमाचल प्रदेश में 509 लोगों की मौत हुई थी। इस बार भी पहली भारी बरसात हुई है, जिसके कारण काफी नुकसान हुआ है। मैं केन्द्र सरकार का आभारी हूं। मेरा यह आग्रह रहेगा कि प्रशासन मुस्तैदी के साथ काम करें, प्रदेश की सरकार मुस्तैदी के साथ काम करे और केन्द्र सरकार भी यथा संभव सहायता दें।